6 D

A കൂടിയതാ 30

समग्र शिक्षा केरल

SECOND TERM EVALUATION -2022-23

दूसरा कार्यकालांत मूल्यांकन

हिंदी

कक्षा- 6 **समय : 2 घंटे**

सामान्य निर्देश :

- पंद्रह मिनिट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न-पत्र वाचन के लिए है।
- गतिविधि 1 का उत्तर लिखना अनिवार्य है।
- 2 से 6 तक की गतिविधियों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें।

गतिविधि 1

सूचना : खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गर्मियों में मोर बादलों को पुकारता है। बादलों के बरसने पर मोर खुशी से नाचता है। मोर लाल मिर्चियाँ खाता है। बच्चे मोर के पंखों को पसंद करते हैं।

(क) कौन बादलों को पुकारता है?

अ) कौआ आ) कोयल

इ) मोर ✓ ई) तोता

(ख) मोर खुशी से क्या करता है?

अ) नाचता है ✓ आ) घूमता है

इ) रोता है ई) गाता है

ग) मोर कब बादलों को पुकारता है?

अ) सर्दियों में आ) गर्मियों में ✓

इ) वर्षाओं में ई) वसंतों में

घ) यहाँ मिर्ची का रंग क्या बताया गया है?

अ) पीला आ) नीला

इ) काला ई) लाल ✓

ङ) बच्चे किसके पंखों को पसंद करते हैं?

अ) मोर के आ) कौए के

इ) तोते के ई) बगुले के

गतिविधि 2

सूचनाः समाचार पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> बद्रीनाथः उत्तराखंड में आए सैलाब ने बद्रीनाथ में भी जमकर तबाही मचाई। हज़ारों तीर्थयात्री बुरी तरह फँस गए थे।

(क) यहाँ 'प्रलय' के अर्थ को सूचित करनेवाला शब्द कौन-सा है?

(ख) प्राकृतिक दुर्घटनाओं में मानव का भी हाथ है। प्रकृति का संरक्षण हमारा कर्तव्य है – यह संदेश देते हुए **एक पोस्टर** तैयार करें।

गतिविधि 3

सूचनाः कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> यह मुरझाया हुआ फूल है,
> इसका हृदय दुखाना मत।
> स्वयं बिखरनेवाली उसकी,
> पंखुड़ियाँ बिखराना मत।

(क) कवितांश में किसका वर्णन है?

अ) खिला फूल   आ) मुरझाया फूल

इ) ताज़ा फूल   ई) पीला फूल

(ख) कवितांश का आशय लिखें।

गतिविधि 4

सूचना : 'नन्हा उल्लू ' पाठभाग का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> अगली रात नन्हे उल्लू ने अपनी अम्मा से पूछा- "समुद्र कितना गहरा है?" "बहुत गहरा," अम्मा बोली। "कितना गहरा"? नन्हे उल्लू ने पूछा। अम्मा आसमान की ओर देखने लगी। "लगभग उतना ही गहरा है, जितना ऊँचा आसमान है।" अम्मा बोली। नन्हा उल्लू ऊपर देखने लगा। वह पूरी रात पेड़ पर बैठा रहा।

क) नन्हा उल्लू पूरी रात कहाँ बैठा?

ख) अम्मा उल्लू और नन्हे उल्लू के बीच का **वार्तालाप** तैयार करें।

नन्हा उल्लू : अम्मा, एक बात पूछूँ?

अम्मा उल्लू : ....

नन्हा उल्लू : अम्मा, समुद्र कितना गहरा है?

अम्मा उल्लू : ....

नन्हा उल्लू : ....

अम्मा उल्लू : ....

गतिविधि 5

सूचना: 'दो भाई' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

छोटा भाई खाना खाने घर चला गया। बड़ा भाई सोचने लगा- मेरा तो परिवार है। बच्चे हैं। वे मेरा ध्यान रख सकते हैं। लेकिन छोटा भाई अकेला है। उसे देखनेवाला कोई नहीं है। उसे ज़्यादा गेहूँ की ज़रूरत है।

क) छोटा भाई क्यों घर चला गया?

ख) संकेतों की सहायता से बड़े भाई के विचारों को **डायरी** के रूप में लिखें।

- मेरा तो परिवार है, पर छोटा भाई अकेला है।
- मैंने गेहूँ की कई टोकरी उसको दे दी।
- आज मैंने छोटे भाई के साथ गेहूँ की फसल काटी।
- उसे ही ज़्यादा गेहूँ की ज़रूरत है।
- आज मेरा मन कितना खुश है।

गतिविधि 6

सूचनाः कविता पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मुर्गी माँ घर से निकली
बस्ता ले बाज़ार चली
बच्चे बोले चें चें चें
अम्मा हम भी साथ चलें।

(क) कविता के आधार पर सही मिलान करें।

कविता में मुर्गी माँ और	जाने को घर से निकली।
मुर्गी माँ बाज़ार	बाज़ार चली।
मुर्गी माँ बस्ता लेकर	कि हम भी साथ चलें।
बच्चे बोले	उसके बच्चे हैं।

(ख) कविता के लिए उचित शीर्षक दें।